an>

Title: Need to take steps for improving the quality of drinking water in Hardwar Parliamentary Constituency.

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक (हरिद्वार): महोदया, मैं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के विषय पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मेरे लोक सभा क्षेत्र में हरिद्वार और देहरादून, दोनों जिले आते हैं। यहां के सैकड़ों गांव आज भी स्वच्छ पेयजल के लिए छटपटा रहे हैं। दर्जनों गांवों में दूषित पेयजल होने से सैकड़ों-सैकड़ों लोग भयंकर बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। मैंने पिछली बार भी इस बात को उठाया था, मेरा आपसे विनम्र निवेदन है कि जो दूषित पेयजल के कारण लोग भयंकर बीमारियों की चपेट में आए हैं, वे निर्धन लोग हैं और अपना इलाज कराने के लिए भी उनके पास पैसा नहीं है। उनके इलाज की व्यवस्था करने के लिए तत्काल केंद्र से टीमों को भेजा जाए। पेयजल को संशोधित किया जाए। हिमालय क्षेत्र के जल स्रोत तेजी से सूख रहे हैं, इनके संरक्षण और संवर्द्धन की कार्रवाई की जाए। जो फैक्ट्रियां विष को फैंक रही हैं, इन्हें बंद किया जाए और इनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल को

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।